तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 9 अगस्त 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 संकुल स्तरीय पालक-शिक्षक सम्मेलन में विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग
(4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

# पूर्णिमा की उदयातिथि में आज मनेगा रक्षाबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाई-बहन के अटूट स्नेह का त्यौहार रक्षाबंधन शनिवार को श्रावण पूर्णिमा की उदयातिथि में श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। शुक्रवार को दोपहर 1.30 बजे तक चतुर्थी तिथि तथा इसके उपरांत पूर्णिमा लगने के कारण शनिवार को पूर्णिमा की उदयातिथि पर रक्षाबंधन मनाया जाएगा।

हनुमान मंदिर डीसी रोड के पुजारी पं.अरूण मिश्रा ने बताया कि शनिवार को दोपहर 1.23 बजे तक सावन पूर्णिमा रहेगी। इस बार रक्षाबंधन पर न तो भद्रा का साया है न ही कोई अन्य अशुभ संयोग। इस बार पूर्णिमा के दिन श्रावण नक्षण होने के कारण इसका खास महत्व है तथा पूरे दिन रक्षाबंधन मनाने का मुहूर्त है।



सावन पूर्णिमा के दिन अपने इष्टदेव को भी रक्षासूत्र समर्पित करने का विधान है।

## जिपं की बैठक में पंचायत शिक्षकों की सेवा समाप्ति का अनुमोदन

**अम्बिकापुर**। जिला पंचायत द्वारा सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक राजेश अग्रवाल, विधायक प्रबोध मिंज, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरुपा सिंह एवं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में सभी एजेंडा पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान जिला पंचायत के व्यय का अनुमोदन,एक शिक्षक पंचायत को अनुकम्पा नियुक्ति के लिए अनुमोदन तथा लंबे समय तक अनुपस्थित रहने वाले 2 शिक्षक पंचायत की सेवा समाप्ति हेतु प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इस दौरान विभाग प्रमुखों को उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय अग्रवाल, जिला पंचायत व जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सैनिक कल्याण कार्यालय में लीगल सर्विस क्लीनिक स्थापित

अम्बिकापुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सरगुजा के अध्यक्ष केएल चरयाणी के मार्गदर्शन में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में लीगल सर्विस क्लीनिक की स्थापना की गई। यह क्लीनिक नालसा वीर परिवार सहायता योजना 2025 के अंतर्गत डिफेंस पर्सनल्स, भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को निःशुल्क विधिक सेवा एवं सहायता प्रदान करेगा। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में इस क्लीनिक की शुरुआत की गई है।लीगल सर्विस क्लीनिक का शुभारंभ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सरगुजा (अम्बिकापुर) सुश्री लीनम बनसोडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन यूएस चारण, भूतपूर्व सैनिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के कर्मचारी तथा पैरा लीगल वालंटियर्स उपस्थित रहे। यह पहल वीर परिवारों को शीघ्र एवं सुलभ न्याय दिलाने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

### खाद्य एवं औषधि विभाग ने मारा छापा

# मिलावट की आशंका पर जब्त किया गया 155 केजी पनीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खोवा, पनीर का सेवन करने के शौकीन है तो एक बार इन खाद्य पदार्थों का उपयोग करने से पहले सोंच लें।

**खास बात**
- लूज पनीर की हो रही थी बिक्री

बाजार में बड़े पैमाने पर मिलावटी खोवा पनीर का कारोबार चल रहा है। त्यौहारी सीजन में इनकी खपत बढ़ गई है। इस बात का खुलासा शुक्रवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा की गई कार्रवाई से हुआ है। टीम ने शहर के एक प्रतिष्ठान में छापामार कार्रवाई की है। इस दौरान अधिकारियों ने 155 किलोग्राम पनीर जब्त किया है। अधिकारी पनीर में मिलावट का अंदेशा जता रहे है लेकिन लैब से जांच रिपोर्ट आने के बाद ही वस्तु स्थिति स्पष्ट होने की बात कही जा रही है।

बता दें कि त्यौहार सीजन में खाद्य सामग्रियों खासकर खोवा, पनीर की डिमांड बढ़ जाती है। लोग त्यौहारों में इनका सेवन बड़े चाव से करते है। ऐसे में मांग के अनुरूप पनीर, खोवा उपलब्ध कराने के लिए बड़े पैमाने पर पड़ोसी राज्यों से सामग्री मंगवाई जाती है। यही वजह है कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा खाद्य सामग्रियों में मिलावट की आशंकाओं को ध्यान में रखते जांच कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर शुक्रवार को जिला प्रशासन व खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शहर के गंगापुर तुलसी चौक के समीप स्थित राधे कृष्णा ट्रेडिंग में छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने मौके से बोरियों में भरा हुआ 155 किलोग्राम लूज पनीर बरामद किया है। बिना किसी पैकेजिंग के इतनी बड़ी मात्रा में पनीर में मिलावट की आशंका जाहिर की गई है। ऐसे में टीम ने पनीर को जब्त करने के साथ ही सैम्पल को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला काली बाड़ी भेज दिया है। अधिकारी लैब से जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पनीर की गुणवत्ता और इसमें मिलावट का पता लगने की बात कह रहे है।



जांच करते अधिकारी, इनसेट में जब्त पनीर।

### दुर्ग से मंगवाया गया था पनीर

राधे कृष्णा ट्रेडिंग के संचालक गौरव जायसवाल का कहना है कि उन्होंने यह पनीर दुर्ग के वैद्य मिल्क से मंगवाया है। संचालक द्वारा इसकी सप्लाई आस पास के ग्रामीण क्षेत्रो में खुदरा सप्लाई की जाती है। पनीर की बिक्री 250-260 रुपए प्रति केजी की जा जाती है लेकिन इस तरह खुला पनीर मंगवाए जाने को लेकर इसमें मिलावट की आशंका जाहिर की गई है।

### भेजा गया है सैम्पल

मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर जांच की गई है। लूज पनीर को मिलावट की आशंका पर जब्त किया गया है। सैम्पल जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-आरआर देवांगन
वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी

# सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक से मारपीट संभागभर में दोपहर तक काम रहा ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ सहकारी बैंक में पदस्थ शाखा प्रबंधक से मारपीट की गई। प्रबंधक के कक्ष में घुसकर ग्राहक ने पिटाई कर दी। इस घटना के बाद आक्रोशित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक संघ के कर्मचारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान दोपहर 1 बजे तक संभाग के सभी सहकारी बैंक बंद रहे। दोपहर में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया जिसके बाद कर्मचारी हड़ताल समाप्त कर काम पर वापस लौटे।

- आरोपी की गिरफ्तारी के बाद लौटे काम पर, शंकरगढ़ की घटना

बताया जा रहा है कि गांधीनगर थाना अंतर्गत ग्राम हर्राटिकरा निवासी 56 वर्षीय विजय यादव आ. स्व. दुबराज यादव जिला सहकारी बैंक के शंकरगढ़ शाखा में प्रबंधक के पद पर पदस्थ है। विजय यादव 7 अगस्त को दोपहर 1.30 बजे कार्यालय में बैठकर काम कर रहे थे। इस दौरान शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम नवापारा निवासी 45 वर्षीय संतोष कुमार यादव आ. स्व. शिव मंगल प्रसाद यादव बैंक में आया हुआ था और अपने लोन के बारे में पूछताछ करने लगा। जब बैंक मैनेजर संतोष कुमार को उसके लोन के बारे में बता रहे थे तो युवक ने कहा कि वह लोन के बारे में नहीं जानता और मेरा पैसा वापस करो। इस दौरान युवक ने बैंक मैनेजर से अचानक ही गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने बीच बचाव कर शाखा प्रबन्धक को बचाया और युवक को बाहर किया गया। इस दौरान युवक ने शाखा प्रबंधक को जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद बैंक में हड़कंप मच गया।

मामले में शाखा प्रबंधक विजय यादव ने शंकरगढ़ पुलिस से शिकायत की जिसके बाद पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351(2) 115(2),132, 221 के तहत मामला दर्ज कर लिया।




### आक्रोश में किया काम बंद

इस घटना के बाद आक्रोशित जिला सहकारी बैंक के अधिकारी- कर्मचारियों ने सरगुजा कलेक्टर के साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी बैंक मर्यादित को ज्ञापन सौंपा। संघ का कहना है कि इन परिस्थितियों में बैंक कर्मचारियों द्वारा जान जोखिम में डालकर एवं मान सम्मान को दांव में लगाकर कार्य किया जाना संभव नहीं है। ऐसे में असामाजिक तत्वों द्वारा कार्यालय में घुसकर मारपीट एवं गाली गलौज करना निंदनीय है। अधिकारी-कर्मचारियों ने आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने तक हड़ताल की घोषणा कर दी। इधर पुलिस ने मामले में आरोपी संतोष यादव को दोपहर 1 बजे गिरफ्तार कर लिया जिसके बाद बैंक कर्मी भी काम पर लौट गये लेकिन पहले हाफ में संभाग के सभी सहकारी बैंक बंद रहे और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पडा। इस दौरान संजय सोनी, देवेन्द्र सिंह, अरुण सिंह, शिवा राम, अरविन्द सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

डॉ. ए.के. दुबे
बी.डी.एस (पटना) दंत चिकित्सक एवं सर्जन
एम.बी.ए (अहमदाबाद) हॉस्पिटल मैनेजमेंट
रजि नं. - 277/A
Email: anujdubey@gmail.com

डॉ. अंकित दुबे
बी.डी.एस (ग्वालियर)
दंत चिकित्सक एवं सर्जन
रजि नं. - CGDC/G/20/3345
Email: dankit040@gmail.com

रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं




समय : सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक, रविवार बंद

SINCE 2009 ISO9001-2015
श्योर स्माइल
Sure Smile Dental Clinic & Orthodontic Center
आपकी मुस्कान हमारी पहचान
Since : 2009 | ISO : 9001:2015
दंत चिकित्सालय एवं ऑर्थोडोन्टिक सेंटर
मो.- 09179880085, 09407995721
पता: मिशन चौक, रिंग रोड, अम्बिकापुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### राज्य पेंशनर्स महासंघ के अधिवेशन में समस्याओं पर हुई चर्चा

**अम्बिकापुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का प्रदेश स्तरीय प्रथम अधिवेशन, रायपुर में सदस्य एवं पदाधिकारी पूर्व आईएएस एवं विधायक नीलकंठ टेकाम एवं पूर्व कलेक्टर अनुराग ठाकुर के आतिथ्य एवं वीरेन्द्र नामदेव की अध्यक्षता में हुआ। विधायक श्री टेकाम ने पेंशनरों की मुख्य समस्या मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) को समाप्त कराने की पहल करने का आश्वासन दिए। अधिवेशन को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती द्रोपदी यादव ने भी संबोधित किया। संघ द्वारा उल्लेखनीय कार्य करने वाले सदस्यों को प्रांतीय सचिव प्रदीप सोनी, संभागीय अध्यक्ष गुरूचरण सिंह, जिलाध्यक्ष मानिक चंद को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अधिवेशन के दूसरे सत्र में सर्वसम्मति से वीरेन्द्र नामदेव को पुनः संघ का प्रांताध्यक्ष चुना गया। अधिवेशन में प्रदीप सोनी, गुरूचरण सिंह, मानिक चंद, शेषनाथ कुशवाहा, बीसी अग्रवाल, प्रभात सिन्हा, प्रेमचंद गुप्ता, घनश्याम जायसवाल, रामेश्वर साहू, श्रीमती द्रोपदी यादव, रमेश नंदे आदि उपस्थित थे।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल



**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार 10 अगस्त को छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.भुवन शर्मा, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.विकास अग्रवाल संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।

## निधन

### लक्ष्मण सोनी



**राजपुर।** नगर के वार्ड क्रमांक 15 खुटनपारा निवासी लक्ष्मण सोनी का निधन हो गया। लक्ष्मण सोनी 72 वर्ष के थे और लम्बे समय से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। 8 अगस्त की सुबह उन्होंने अपने निवास स्थान में ही अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार बनारस में किया जाएगा। अंतिम संस्कार के लिए परिजन स्व. सोनी को लेकर बनारस के लिए रवाना हुए।

### प्रदीप सोनी



**राजपुर।** नगर के वार्ड क्रमांक 6 निवासी बंधु सोनी के पुत्र प्रदीप सोनी का निधन हो गया। वे 37 वर्ष के थे और कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। शुक्रवार को तबीयत बिगड़ने पर परिजन प्रदीप सोनी को लेकर अंबिकापुर जाने की तैयारी कर रहे थे इसी दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। निधन से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## पालकों से निरंतर संपर्क बनाने पर जोर

# संकुल स्तरीय पालक-शिक्षक सम्मेलन में विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

**खास बात**

- बच्चों के रिपोर्ट कार्ड पर परिजनों से चिंतन-मनन

पालकों से बेहतर संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एस जयवर्धन के मार्गदर्शन में गुरूवार को सभी संकुल स्तर पर पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल बिश्रामपुर, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल शिक्षा जयनगर समेत सभी संकुल स्तर पर शासन द्वारा निर्धारित बिंदुओं क्रमशः घर का वातावरण, छात्र दिनचर्या, बच्चे ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, बस्ता रहित शनिवार, विद्यार्थियों के आयु तथा कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं पोषण की जानकारी, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र न्योता भोज, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी,पॉक्सो एक्ट 2012 की जानकारी,नशा मुक्ति का शपथ,नवोदय विद्यालय हेतु पांचवी कक्षा के अधिक संख्या में बच्चों का पंजीयन के संबंध में,उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के संबंध में तथा नशा मुक्ति के संबंध में विस्तार पूर्वक अतिथियों द्वारा विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।इस दौरान डीएवी स्कूल के प्राचार्य हरीश कांत पाठक ने बच्चों की दिनचर्या कैसी हो और आजकल बच्चों में बढ़ रहे मोबाइल के लत को छुड़ाने की बात पर जोर देते हुए अपने सुझाव रखे। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि जब भी बच्चा विद्यालय से घर जाता है तो उसे जरूर पूछें कि आज बच्चों ने क्या सीखा और जो कुछ भी विद्यालय में सिखाया जाता है। कम से कम एक बार उसका रिवीजन अवश्य करवाएं।सुरजपुर डीईओ श्रीमती भारती वर्मा ने शासन के सभी बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों को इसके बारे में बताया। इस दौरान एसएमडीसी अध्यक्ष श्रीमती श्यामा पांडेय, कीर्ति दुबे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, पार्षद अमरेश प्रसाद, रविशंकर बउवा, सूरज सेठी, प्रीति सोनी, संकुल परिवार से प्राचार्य आशीष कुमार भट्टाचार्य, अमर कुमार जैन, केपी सिंह, मिनी पाणिकर, गौरव मिश्रा, गणेश कश्यप, राजवंत सिंह, थलेश्वर राजवाड़े, तिलेश्वर सिंह, डॉ. रेखा लाल, सजेस स्कूल बिश्रामपुर में नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव,उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, सतपता सरपंच श्रीमती सरिता सिंह,थाना प्रभारी प्रकाश राठौर,डीआर पैकरा, डॉ बलजिंदर कौर,व्याख्याता सुनील सिंह अतिथि के रूप में उपस्थित थे।यहां पर जन शिक्षक पंकज कुमार सिंह, प्रधान पाठक अर्चना नायक व मिडिल स्कूल सतपता प्रधान पाठक आरपी चक्रधारी मौजूद रहे।

जयनगर हायर सेकेंडरी स्कूल में नोडल अधिकारी घनश्याम सिंह सहायक आयुक्त सूरजपुर की उपस्थिति में संकुल स्तरीय पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कृष्णपाल बिंझिया, ब्रम्हदेव, वीरेन्द्र कुमार, संकुल प्राचार्य सुफियाना खलखो,संकुल समन्वयक नेल्सन बेक व अन्य उपस्थित थे।

### रामनगर में संकुल स्तरीय पालक-शिक्षक सम्मेलन



**रामनगर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देश पर अगस्त माह में संकुल स्तरीय प्रथम मेगा पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन कलेश्वरी कुर्रे जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक दो के मुख्य आतिथ्य,सत्यनारायण जायसवाल पूर्व जिला पंचायत सदस्य की अध्यक्षता तथा बाबूलाल यादव अध्यक्ष एसएमडीसी हायर सेकेंडरी स्कूल रामनगर,संगीता रोहित प्रताप सिंह सरपंच रामनगर एवं सेवानिवृत शिक्षकों के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित की गई। इस दौरान रामनगर, रामपुर, सरस्वतीपुर और रुनियाडीह के उपसरपंच, पंच, रामनगर संकुल के समस्त शिक्षक तथा बड़ी संख्या में बच्चों के पालक उपस्थित रहे।बैठक की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन अर्चन से की गई।यहाँ पर प्रतिवेदन प्रस्तुति संकुल प्रभारी तथा हायर सेकेंडरी स्कूल रामनगर की प्राचार्य सुषमा बखला द्वारा की गई।कार्यक्रम में निर्धारित एजेंडा अंतर्गत 12 महत्वपूर्ण बिंदुओं जैसे बच्चों का कोना, घर का वातावरण,बच्चों ने आज क्या सीखा,बच्चा बोलेगा बेझिझक,अकादमी प्रगति,पुस्तक उपलब्धता,बस्ता रहित शनिवार,नेवता भोज,प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी सहित छात्रवृत्ति एवं विभागीय अन्य योजनाओं का डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे दीक्षा एप्प एवं ई जादुई पिटारा के माध्यम से शिक्षा संबंधित जानकारियां जनप्रतिनिधियों के सुझाव अनुरूप साझा की गई तथा शिक्षकों द्वारा विस्तृत चर्चा की गई।इस दौरान सत्यनारायण जायसवाल सहित अन्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में उपस्थित पालकों एवं शिक्षकों को बच्चों के प्रति जवाबदेह बनने तथा उन्हें सतत रूप से पढ़ाई में सहयोग करने एवं शैक्षिक वातावरण निर्माण करने में सहयोग देने का सुझाव दिया। शिक्षकों की तरफ से शुभावति प्रसाद,रामचंद्र जायसवाल,राम चरण सिंह,अनुराधा झा तथा पालकों की तरफ से अमरेश प्रसाद राजवाड़े द्वारा बच्चों व स्कूल की विभिन्न समस्याओं के बारे में बताया गया।कार्यक्रम में उल्लास साक्षरता शपथ बाबूलाल यादव द्वारा तथा नशा मुक्ति की शपथ सत्यनारायण जायसवाल द्वारा दिलाई गई।कार्यक्रम का संचालन सीमांचल त्रिपाठी ने किया। एक पेड़ मां के नाम के तहत अतिथियों द्वारा स्कूल परिसर में पौधारोपण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज कुशवाहा, भैयालाल सिंह,अन्नु लाल राजवाड़े,अनुराग सिंह राठौर, आशीष स्वर्णकार,रिजवान अंसारी,सुचिता खलखो,नूतन लकड़ा,पूनम गुप्ता सक्रिय रहे।

### पालक शिक्षक सम्मेलन में समस्याओं पर चर्चा



**बिहारपुर।** शासकीय हाई स्कूल महूली में आयोजित संकुल स्तरीय पालक-शिक्षक सम्मेलन में शिक्षकों एवं पालकों के मध्य बच्चों की नियमित उपस्थिति, दिनचर्या, स्वास्थ्य, पोषण , शिक्षा की गुणवत्ता सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई। सम्मेलन में उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत शपथ दिलायी गयी व कलेक्टर के संदेश वाचन किया गया। अभिभावकों को बच्चों का जाति, निवास प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने सलाह दी गई साथ ही गुड टच व बैड टच के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान सरपंच रनसाय सिंह, जिपं सदस्य प्रतिनिधि सत्यनारायण सिंह, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बैकुंठ प्रसाद जायसवाल, पीएमश्री स्कूल के एसएमसी अध्यक्ष मदनलाल जायसवाल, अशोक कुमार जायसवाल, रामकुमार जायसवाल, संकुल प्राचार्य रामशरण प्रजापति, संकुल समन्वयक संजय जायसवाल, महेंद्र सिंह वाकरे सहित शिक्षक, पालक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सरगवां में पालक शिक्षक की बैठक



**अम्बिकापुर।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सरगवां में पालक शिक्षक मेगा बैठक के अवसर पर मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें एसएमडीसी के अध्यक्ष मनीष ली, कृषि विभाग से श्रीमती मीणा, शिक्षक मिताली गुप्ता, सीमा गुप्ता, अनुराधा जायसवाल, श्वेता सोनी, वार्डन -गुलाब खेस सहित अभिभावक मौजूद रहे। आयुष चिकित्सक डॉ. अनिता गुप्ता ने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति एवं आज के समय में आयुर्वेद एवं योग का महत्व बताते हुए आयुर्विद्या कार्यक्रम एवं आयुष विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं के बारे में सभी को जानकारी दी। इस मेडिकल कैंप में बच्चों सहित उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधियां प्रदान की गई। इस अवसर पर सभी ने विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण भी किया।

# एसईसीएल में बायोमेट्रिक हाजिरी होगी अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- कोल इंडिया की ऑडिट कमेटी बैठक में आतंरिक वित्तीय रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद लिया गया निर्णय

कोल मुख्यालय ने अपने प्रशासनिक ढांचे में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए शत प्रतिशत बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लागू करने का फैसला किया है।अब हर कोल कर्मचारी की उपस्थिति उंगलियों की छाप से तय होगी और वेतन भी सीधे उसी डेटा से जोड़े गए एसएपी सिस्टम के जरिए तैयार किया जाएगा, गौरतलब है कि कोल मुख्यालय की 162 वीं ऑडिट कमेटी बैठक गत दिनों आयोजित हुई,जिसमें आंतरिक वित्तीय नियंत्रण रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की गई,इस दौरान यह बात सामने आई कि पारंपरिक उपस्थिति प्रणालियों में लापरवाही,हेरफेर और पारदर्शिता की कमी संगठन की दक्षता को प्रभावित कर रही है,इसी के मद्देनजर कमेटी ने यह सख्त निर्देश जारी किया कि 30 अगस्त तक एसईसीएल के सभी क्षेत्रों में 100 प्रतिशत बायोमेट्रिक अटेंडेंस लागू किया जाए।

गौरतलब है कि हर कर्मचारी की उपस्थिति अब केवल बायोमेट्रिक सिस्टम से मानी जाएगी,जो डेटा सीधे एसएपी सिस्टम से पूर्ण रूप से जोड़ा जाएगा,वेतन निर्धारण भी अब इन्हीं उपस्थिति रिकॉर्ड्स के आधार पर किया जाएगा,साथ ही यह भी निर्देश जारी किए गए हैं कि यदि किसी क्षेत्र में इस नई प्रणाली को तय समय सीमा तक लागू नहीं किया गया, तो संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों की वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट में यह बात नकारात्मक रूप से दर्ज की जाएगी।



# बेहतर शैक्षिक परिवेश उपलब्ध कराना हमारा दायित्व : कुलपति

- एसजीजीयू में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हुई कार्यशाला

**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरू विवि के तत्वाधान में गुरूवार को राजमोहिनी देवी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति विषय पर आयोजित कार्यशाला में कुलपति प्रो.प्रेमप्रकाश सिंह ने कहा कि प्रत्येक शैक्षिक परिसर को जीरो ड्रग्स परिसर होना है। शिक्षक तनावमुक्त रहेगा तभी विद्यार्थियों के लिए अच्छी प्रस्तुति होगी। प्राध्यापक को घर-परिवार और महाविद्यालय तीनों के बीच साम्य स्थापित रखना है, इसलिये अवकाश की भी महत्ता जीवन में है। योग दिवस हमे तनावमुक्त और स्वस्थ रहने का संदेश देता है। शिक्षकों को संवेदनशील होना होगा और ब्रेन स्ट्रामिंग सत्र आयोजित करें। वर्ष में दो बार एलुमनी मीट आयोजित करायें। रिसर्च मेथडोलॉजी पर विशेष ध्यान दें। प्रयोगशाला के अनुसंधान समाज में जाये। उन्होंने कक्षाओं में विद्यार्थियों की घटती संख्या पर नाराजगी जाहिर की तथा कहा कि विद्यार्थी केंद्रित कक्षाओं पर बल दिया जाना चाहिए। कुलसचिव डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थियों का कक्षा में होना आवश्यक है। कक्षा में विद्यार्थी रहेगा तो परीक्षा परिणाम अच्छा होगा। विषय विशेषज्ञों से मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की रेंडमली जांच कराई गयी। परीक्षार्थी जब तक अच्छे से परीक्षा में भागीदारी नहीं करेगा, प्रश्नों का जवाब सही नहीं देता तो नंबर नहीं मिलेंगे। उन्होंने अपूर्ण शिक्षा परिणाम की स्थितियों से अवगत कराया तथा कहा कि एनईपी के कुछ परीक्षा परिणाम जारी होने बाकी है, जो शीघ्र ही प्रकाशित हो जायेंगे। प्राचार्य डॉ.एसके श्रीवास्तव ने कहा कि एनईपी एम्बेसडर को भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जानकारी होनी चाहिए। डिजीटली शिक्षा का प्रभाव बढ़ा है। शोध और अनुसंधान के लिए रिसर्च मेथडोलॉजी को जानना आवश्यक है। डॉ.राजकमल मिश्रा ने कहा कि एनईपी अब विद्यार्थी केंद्रित अध्ययन-अध्यापन चाहता है। मल्टीडिसीप्लिनरी का अर्थ है कि विद्यार्थी अपने फैकल्टी के अलावा दूसरे फैकल्टी के विषयों का भी अध्ययन करें। डॉ.एसएन पाण्डेय ने कहा कि मूक और स्वयं से प्राप्त किये गये क्रेडिट को जोड़ा जायेगा। अब प्राध्यापक की तरह विद्यार्थी के पास पाठ्य सामग्री के संसाधन अधिक है। पीयर टिचिंग, स्टूडेंट को वर्क दिया जा सकता है। अब महाविद्यालय की सफलता विद्यार्थियों की सफलता पर है। प्राचार्य डॉ राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षक का ज्ञान विद्यार्थी के नोटबुक पर सीधे नहीं पहुंचे बल्कि मन मस्तिष्क से हो कर गुजरे। उन्होंने तनाव रहित जीवन के लिए टिप्स दिये। कार्यशाला का संचालन आनंद कुमार ने किया। इस दौरान सहायक कुलसचिव प्रवीण अग्रवाल, सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य, एनईपी समन्वयक के साथ डॉ.आरएन शर्मा, डॉ.रितेश वर्मा, डॉ.सुषमा भगत, डॉ.आरती तिवारी, डॉ.स्नेहलता श्रीवास्तव, डॉ.एनके देवांगन आदि उपस्थित थे।

# मनमानी दर पर बेचे जा रहे स्टांप, ग्रामीण परेशान

**प्रतापपुर।** तहसील कार्यालय में स्टाप अनाप-शनाप दर पर बेचे जाने से ग्रामीण व आम उपभोक्ता परेशान है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित नोटरी करण में शुल्क निर्धारित है वही पक्षकारों एवं ग्रामीणों से कई प्रकार के कार्यों में नोटरी की आवश्यकता पड़ती है जिसमें नोटरी करने का 100 से 200 लिया जा रहा है। कई बार तो ग्रामीणों से कहासुनी हो चुकी है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा निर्धारित नोटरी और स्टांप बिक्री में प्रदर्शित नहीं आ पा रही है वही कमीशन खोरी की वजह से छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित शुल्क से 5 गुना ज्यादा वह रजिस्ट्री कार्यों में अनाप-शनाप नोटरी करने का नाम पर ग्राहकों से शुल्क वसूला जाता है।

इस संबंध में एसडीएम ललिता भगत ने बताया कि शासन के निर्धारित शुल्क से ज्यादा नोटरी या स्टांप बिक्री पर पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी और लाइसेंस कैंसिल किया जाएगा। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की जाएगी।

# धूम धाम से मनाया गया सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के संस्थापक का जन्म दिवस

**बिलासपुर।** सेंटल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर में धूमधाम से मनाया गया बैंक के संस्थापक का 144 जन्म दिवस। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के संस्थापक पोचखानवाला के 144वे जन्म दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय, अम्बिकापुर के प्रांगण में क्षेत्रीय प्रबंधक रणधीर सिंह के द्वारा माल्याअर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर जन्म दिवस मनाई गई।

सोराबजी पोचखनवाला के जन्म दिवस के अवसर पर रणधीर सिंह, क्षेप्र द्वारा समस्त स्टाफ को सम्बोधित करते हुये बताया कि ,श्री पोचखनवाला के द्वारा कैसे अपने सेन्ट्रल बैंक की नींव रखी गई। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया अपने देश का स्वदेशी बैंक होने के साथ-साथ ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को अपनी उत्कृष्ट सेवायें प्रदान कर रहा हैं। क्षेप्र द्वारा सेन्ट्रल बैंक की विभिन्न स्कीम जैसे सेन्ट क्वीन स्कीम (महिलाओ लिये), सेन्ट व्यवसायी चालू खाता जमा योजना (व्यापारियों हेतु) एवं अन्य जमा एव अग्रिम खातों के बारे में जानकारी दी गई। आज हमारी सेन्ट्रल बैंक की अम्बिकापुर क्षेत्रीय कार्यालय के अधीन 60 शाखायें, 5 अग्रणी जिला बैंक एवं 3 मुद्रा तिजोरी कार्यरत हैं। हमारा सेन्ट्रल बैंक अपनी सेवायें दुरस्थ गांवों और कस्बों में प्रदान कर रहा हैं । जिसमें ज्यादा लाभार्थी किसान एवं स्वंय सेवी संस्थायें जुडी हैं। जो कि हमारी सेन्ट्रल बैंक की ग्रामीण शाखाओं से कम ब्याज दर पर ऋण प्राप्त कर अपने जीवन को उन्नत एवं विकसीत बना रहें हैं। सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया छोटे से छोटे ग्राहकों एवं बडे से बडे ग्राहकों एवं व्यापारी वर्ग, वेतनभोगी वर्ग को भी अपनी सेवायें प्रदान कर रहा हैं। इस कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारीगण और बैंक के गणमान्य ग्राहकों ने बैंक की नई स्कीम को भी जाना।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) / सक्षम प्राधिकारी, सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2024-25

**-:: ईश्तहार ::-**

एतद्द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-केशवनगर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दारा सिंह आ. दिलीप सिंह, जाति सिक्ख निवासी ग्राम बिश्रामपुर तहसील लटोरी, जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम केशवनगर, प.ह.नं. 24, रा.नि.मं. केशवनगर, तहसील सूरजपुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 1469/13 रकबा 0.020 हे. कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 20/8/25 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 6.08.25 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा मार्केट

रांची (कॉंके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
पागलपन, घबराहट, शक, डर, उदासी (डिप्रेशन), मिर्गी, सरदर्द, नशा, नींद नहीं आना
बच्चों में मनोरोग संबंधी समस्याएं
दिनांक 10 अगस्त 2025, दिन - रविवार
प्रतिदिन वीडियो कॉल द्वारा परामर्श उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने,अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
दिनांक 23 अगस्त 2025 दिन - शनिवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 17 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 24 अगस्त, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

आवश्यकता है Sargawa The Palace Resort
हाउसकीपिंग सुपरवाइजर
फूड एंड बेवरेज कैप्टन
बेल बॉय (डोरमैन)
फूड एंड बेवरेज स्टुअर्ड
हाउसकीपिंग स्टाफ
ड्राईवर
Front Office स्टाफ
अपना बायोडाटा हमे ईमेल या व्हाट्सएप पर भेजे
gmsargawa@gmail.com
+91 89888 85000
साक्षात्कार की तिथि एवं समय:
दिनांक : 14 अगस्त 2025
समय : सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3 बजे तक
स्थान : Sargawa The Palace Resort अम्बिकापुर

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CGHS से मान्यता प्राप्त
CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
|9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
डॉ.चेतन चतुर्वेदी
MD General Medicine DNB INTERVENTIONAL CARDIOLOGY EX. Okhla New Delhi
Ex. LLRM Medical College Meerut
Ex. AIIMS Raipur
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक -10 अगस्त 2025 दिन - रविवार
डॉ. रितेश सिंह
MBBS, MPH, DCMH, CCPM (NIMHANS Bngalore)
मनोचिकित्सक रोग विशेषज्ञ
दिनांक - 9, 10 अगस्त 2025, शनिवार, रविवार
समय - सुबह 10 - 3 बजे तक, शाम 5 - 8 बजे तक

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
एम.बी.बी.एस, डी.एन.बी. (मेडिसिन) डीएनबी (गैस्ट्रो)पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ, पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरगांव
दिनांक - 03 अगस्त 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 03 अगस्त 2025, रविवार
समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
07774222555, 8718003300, 8085886678, 9752542415, 8120809000, 9424250281

## खबर संक्षेप



### रेजिमेंट के जवानों को स्काउट कमिशनर की अगुवाई में बांधी राखियां

**बिश्रामपुर।** रक्षाबंधन के पावन पर्व से एक दिन पूर्व बिश्रामपुर आरटीआई कॉलोनी स्थित त्रिपुरा रेजिमेंट में सुरजपुर स्काउट कमिश्नर व डीईओ भारती वर्मा के नेतृत्व में महिलाओं और बच्चों का एक दल सैनिकों के बीच पहुंचकर जवानों को राखी बांधी। यहाँ पर स्काउट कमिश्नर व डीईओ भारती वर्मा ने कहा कि हम वीर जवानों को राखी बांधकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं, जो हमारे देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए हर पल तत्पर रहते हैं।यह त्योहार सिर्फ भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित नहीं,बल्कि यह उन सभी रिश्तों की रक्षा का संकल्प है,जहां स्नेह और कर्तव्य की भावना हो।बच्चों ने भी हाथों में रंग-बिरंगी राखियां लेकर जवानों को बांधीं।इस दौरान जवानों ने कहा कि इस तरह का स्नेह और सहयोग हमें अपनी जिम्मेदारी को और मजबूती से निभाने की प्रेरणा देता है।

### शिशु मंदिर में बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी

**बलरामपुर।** सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रक्षाबंधन पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। एक साथ कतार में बैठकर बहनों ने भाइयों को राखी बांधी। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में



प्राचार्य स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय चंद्रशेखर गुप्ता व विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय कुमार पाठक ने रक्षा बंधन त्योहार का महत्व के बारे में छात्र छात्राओं को जानकारी दी। इस अवसर पर चंद्र शेखर गुप्ता ने रक्षाबंधन के पवित्र पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि रक्षा सूत्र का यह त्यौहार सिर्फ भाई-बहन तक ही सीमित नहीं है। यह मां भारती और राष्ट्र के लिए जीने-मरने के संकल्प का भी बोध कराता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के आचार्य दीदी, राम बरत सिंह, पुष्पेंद्र द्विवेदी, पुष्पा टंडन, देवेश नारायण सिंह, प्रभंजन बैरागी, अर्जुन मंडल, संजीत सिंह, विनय सिंह, चेतनारायण सिंह, सोसन, मनिता बाई, चंद्रकिरण सिंह, निरूपा गुप्ता, संतोषी, अर्चना, अंजुला तिर्की, सुभाषितानी सहित अन्य मौजूद थे।

### स्कूली छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों को बांधी राखी



सूरजपुर। रक्षाबंधन का पर्व सामाजिक समरसता, सेवा और संस्कारों का जीवंत उत्सव है। इसी भावना को साधुराम विद्या मंदिर स्कूल की छात्राओं ने साकार किया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा बहनों ने पुलिस अधिकारियों को साखी बांधकर यह एहसास कराया कि हम अपनों से दूर नहीं है। शुक्रवार को एसआरव्हीएम के स्कूली छात्राएं थाना पहुंची और थाना प्रभारी विमलेश दुबे, एएसआई संजय सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी व जवानों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। छात्राओं ने राखी बांधने के साथ ही आरती उतारी और तिलक कर अधिकारियों के प्रति आदर भाव प्रकट किया। उन्होंने सभी के उत्तम स्वास्थ्य, सुरक्षा और सुदीर्घ जीवन की मंगलकामना की। इस दौरान थाना प्रभारी विमलेश दुबे ने नन्हीं बहनों को कहा कि हम आपकी सुरक्षा के लिए पूरी तत्परता से तैनात है, आपको कभी भी कोई भी समस्या हो तो हमें याद कर सूचित करें हम फौरन वहां पहुंचेंगे, आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। थाना प्रभारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए थाना का भ्रमण कराया और सुरक्षा उपकरणों, ऑनलाइन एफआईआर, शस्त्रागार एवं वायरलेस सेट अपडेट करने के बारे में जानकारी दी। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि छात्राएं केवल शिक्षा नहीं, संस्कारों और सामाजिक कर्तव्यों से भी परिपूर्ण हैं। पुलिस अधिकारियों को राखी बांधकर प्रेम, सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक प्रस्तुत किया है, हम सभी यह एहसास कराया है कि हम अपनों से दूर नहीं है।

### कोरिया में ओबीसी महासभा ने मनाया मंडल दिवस

**बैकुण्ठपुर।** ओबीसी महासभा जिला कोरिया द्वारा 7 अगस्त को खरवत दुर्गा परिसर में मंडल दिवस मनाया गया। ज्ञात हो कि इसी दिन 1990 में तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह की सरकार ने बीपी मंडल आयोग की सिफारिश को मान्यता देते हुए सरकारी नौकरियों में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की अधिसूचना जारी की थी, तभी से यह दिवस ओबीसी समाज द्वारा स्मरणीय रूप से मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरूआत बीपी मंडल के चित्र पर अगरबत्ती प्रज्जवलित कर एवं माल्यार्पण से हुई। उपस्थित लोगों ने बीपी मंडल अमर रहे। ओबीसी एकता जिंदाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संचालन करते हुए जिला महासचिव ईश्वर दयाल राजवाड़े ने मंडल के जीवन, संघर्ष और ओबीसी समाज के अधिकारों के लिए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। संभागीय उपाध्यक्ष गणेश राजवाड़े, जिलाध्यक्ष राजेश साहू, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार राजवाड़े, जिला सचिव आनंद राजवाड़े, पनिका समाज के संभागीय अध्यक्ष रामधन देवांगन सहित काफी संख्या में समाज उपस्थित रहे।

## लोगों की सुविधा के लिए पुराने सुलभ शौचालय का किया गया जीर्णोद्धार

# पुराना बस स्टैंड स्थित नए व पुराने सुलभ शौचालय में लटका ताला, लोगों को हो रही परेशानी




पुराना बस स्टैण्ड में मरम्मत किया गया पुराना शौचालय।



पुराना बस स्टैण्ड में नवनिर्मित शौचालय।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिले में स्वच्छता को लेकर न सिर्फ अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है बल्कि उन्हें शौचालय का उपयोग करने की बात कही जाती है। इसके मद्देनजर शहर में कई जगह सुलभ शौचालय का निर्माण कराया गया है। जिसका उपयोग शहर के लोग करते है।हैरानी की बात तो यह है कि शहर के बीच पुराना बस स्टैंड में दो सुलभ शौचालय है लेकिन उसका लाभ लोगों को नहीं मिल रहा। आलम यह है कि दोनों शौचालय में महीनों से ताला जड़ा है जिससे आसपास के लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**खास बात**
- लाखों की लागत से पास ही एक नया शौचालय का किया गया है निर्माण

शहर के पुराना बस स्टैंड जहां से बस स्टैंड को कुछ साल पूर्व ही प्रतीक्षा बस स्टैंड में शिफ्ट किया गया है। ऐसे में आज भी पुराना बस स्टैंड में पूर्व की भांति विभिन्न दुकान व होटल संचालित है और लोगों की भीड़ होती है। पुराने बस स्टैंड में यात्री बसों के संचालित होने के दौरान एक बड़ा सुलभ शौचालय का निर्माण किया गया था जिसका उपयोग यात्री सहित आसपास के लोग उपयोग करते थे। बस स्टैंड रिंग रोड स्थित अंतर्राज्यीय प्रतीक्षा बस स्टैंड में शिफ्ट हो जाने से शौचालय का सही तरीके से देखरेख नहीं होने से जर्जर हो गई। शौचालय के जीण क्षीण हो जाने तथा लोगों को हो रही परेशानी को ध्यान में रखकर पास ही लाखों की लागत से दूसरे नया शौचालय का निर्माण कराया गया साथ ही पुराने शौचालय का जीर्णोद्धार कर व्यवस्थित बनाया गया।

हैरानी की बात तो यह है कि पुराना बस स्टैंड में अब दो सुलभ शौचालय की सुविधा उपलब्ध हो गई है लेकिन दोनों शौचालय में महीनों से ताला लटका हुआ है। लोगों की सुविधा के लिए एक भी शौचालय को शुरू नहीं किया गया है जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।लोगों का कहना है कि पुराना बस स्टैंड में अब दो सुलभ शौचालय की सुविधा उपलब्ध हो गई है लेकिन दोनों शौचालय महीनों से बंद होने से काफी परेशानी होती है। अगर एक शौचालय को भी शुरू कर दिया जाता तो काफी हद तक लोगों को राहत मिलती। दोनों शौचालय के बंद होने के कारण पुराना बस स्टैंड स्थित दुकान संचालक सहित कर्मचारियों को शौचालय के लिए प्रतीक्षा बस स्टैंड जाना पड़ता है। पुराना बस स्टैंड क्षेत्र के लोगों ने कम से कम एक शौचालय को शुरू करने की मांग है।

### महिलाओं को होती है परेशानी

शौचालय के बंद होने से महिला को शौचालय जाने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पुरुष किसी तरह इधर उधर जाकर बाथरूम एवं शौच करते है लेकिन महिलाएं खुले में नहीं जा सकती जिससे उन्हें काफी दिक्कत होती है। जबकि पुराना बस स्टैंड में एसएलआरएम सेंटर है जहां स्वच्छता दीदियों को भी काफी दिक्कत होती है। कई बार तो खुले में जाने के कारण महिलाओं को छींटाकशी का भी सामना करना पड़ता है।

### लोगों की रहती है भीड़

पुराना बस स्टैंड समीप न सिर्फ बड़ी संख्या में दुकान संचालित है बल्कि पास ही निजी अस्पताल, मुख्य डाकघर है जहां हर रोज लोगों की भीड़ होती है। ऐसे में किसी को शौचालय की आवश्यकता हुई तो पुराना बस स्टैंड स्थित दोनों शौचालय के बंद होने से लोगों की परेशानी काफी बढ़ जाती है। ऐसे में लोग खुले में या प्रतीक्षा बस स्टैंड जाने को मजबूर हो जाते है।

### जल्द करेंगे शुरू

पुराना बस स्टैंड स्थित सुलभ शौचालय के जीर्णशीर्ण होने कारण नए सिरे से मरम्मत किया गया है। जल्द ही सुलभ शौचालय को लोगों के उपयोग के लिए शुरू करेंगे।

**-मंजूषा भगत,** महापौर



# पीएम सूर्यघर योजना से घरेलू उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा मार्च 2019 से विद्युत उपभोक्ताओं को राहत देने वाली हॉफ बिजली बिल योजना के अंतर्गत दी जाने वाली 400 यूनिट मासिक छूट की सीमा में संशोधन करते हुए अब 100 यूनिट तक की मासिक खपत पर 50 प्रतिशत की रियायत देने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी का दावा है कि सरकार के इस निर्णय से जिले के 78 प्रतिशत घरेलू उपभोक्ताओं को कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। वर्तमान में जिले में लगभग 1 लाख 19 हजार 960 घरेलू बिजली उपभोक्ता बीपीएल एवं घरेलू है. इनमें से 94 हजार 100 उपभोक्ता ऐसे हैं जिनकी मासिक खपत 100 यूनिट से कम हैं जो सामान्यतः बीपीएल उपभोक्ता हैं। सिर्फ 22 प्रतिशत घरेलू उपभोक्ता ऐसे हैं जिनका मासिक बिजली खपत 100 यूनिट से अधिक है। ऐसे उपभोक्ताओं के लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना संचालित की जा रही है, जिसका लाभ बिजली उत्पादक उपभोक्ता, विक्रेता भी बन सकते हैं और अच्छी कमाई कर सकते हैं।

- छत्तीसगढ़ में बिजली उपभोक्ताओं को राहत हॉफ बिजली योजना में संशोधन

जिले के कार्यपालन अभियंता बसंत सोम ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से सौर ऊर्जा का यूनिट स्थापित कर उपभोक्ता विद्युत का उत्पादन कर सकते हैं। विद्युत ऊर्जा जनरेशन के लिए सामान्य मीटर एवं विद्युत का एक्सपोर्ट-इंपोर्ट आंकलन के लिए स्मार्ट मीटर को विद्युत ग्रिड से जोड़ दिया जाता है। सौर ऊर्जा से प्राप्त बिजली का उपयोग उपभोक्ता द्वारा किया जा सकता है, एवं उपयोग के बाद शेष बचत बिजली सीधे विद्युत ग्रिड में पहुंच जाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजनान्तर्गत केंन्द्र सरकार द्वारा 3 किलोवाट, यूनिट के स्थापना पर 78 हजार एवं राज्य सरकार भी 30 हजार की छूट दे रही है, जिससे सब्सिडी की राशि बढ़कर 1.08 लाख रूपये पहुंच गई है। 3 किलो वाट के सोलर प्लांट पर प्रतिमाह औसतन 360 यूनिट तक बिजली का उत्पादन कर सकते हैं, जो कि हॉफ बिजली योजना से मिलने वाली अधिकतम छूट 400 यूनिट पर 200 यूनिट रियायत से भी ज्यादा है। शासन द्वारा योजना के लिए बैंकों के माध्यम से कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की है। इस योजना के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ ही विद्युत उत्पादन में हो रहे कोयला की खपत में भी कमी लाया जा सकता है। योजनान्तर्गत जिले में 6 घरेलू उपभोक्ताओं ने पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत सौर संयंत्र लगाया गया है एवं 6 प्रक्रियाधीन है। व्यावसायिक उपयोग उपभोक्ता के लिए योजनान्तर्गत सब्सिडी का कोई प्रावधान नहीं है इसके बावजूद जिले में 2 व्यवसायिक संस्थानों ने सौर ऊर्जा लगाकर पर्याप्त बिजली का उपयोग कर रहे हैं एवं बथत विद्युत ऊर्जा को ग्रिड में दे रहे हैं।

# बिस्तर पर सो रहा युवक जिंदा जला रायपुर ले जाते समय तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

ग्राम मानी में बुधवार की तड़के में उस समय सनसनी फैल गई जब गहरी नींद में सो रहे युवक की बिस्तर में अचानक आग लग गई जिससे युवक आग में बुरी तरह झुलस गया। परिजन युवक को सूरजपुर प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर लेकर जा रहे थे तभी बिलासपुर पहुंचते उसकी मौत हो गई।

- संदिग्ध हालत में बिस्तर में लगी आग, जांच में जुटी पुलिस

जानकारी अनुसार ग्राम मानी निवासी सोपाड़ी लाल राजवाड़े आ. राजा राम राजवाड़े (40 वर्ष) रोजाना की भांति मंगलवार की रात भोजन कर अपने कमरे में सो गया और बुधवार की तड़के लगभग 3-4 बजे उठकर टहलने गया और फिर वापस आकर बिस्तर में आकर सो गया। इसी बीच जब पत्नी 5 बजे उठकर शौचालय गई उसी समय अचानक बिस्तर में आग गई। इधर पूरे बिस्तर में आग पकड़ लिया जिससे युवक को उठकर भागने तक का मौका नहीं मिला। आग की चपेट में आने से युवक शोर मचाते हुए बाहर निकला और जमीन में लेट कर किसी तरह आग बुझाई तब तक युवक गंभीर रूप से झुलस गया था। घटना को देख आसपास के लोगों के होश उड़ गए। पड़ोसियों ने तत्काल निजी वाहन से युवक को सूरजपुर निजी अस्पताल में में दाखिला कराया लेकिन युवक की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने तत्काल अंबिकापुर रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर अंबिकापुर पहुंचे जहां से उसे रायपुर रेफर कर दिया गया। परिजन उसे रायपुर ले कर जा रहे थे तभी बिलासपुर में उसकी तबियत ज्यादा बिगड़ जाने परिजन उसे बिलासपुर हॉस्पिटल में दाखिल कराया जहां चिकित्सकों जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को लेकर वापस सूरजपुर पहुंच जहां पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात पीएम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

इस संबंध में कोतवाली प्रभारी विमलेश दुबे ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट और जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। घटना स्थल पर फॉरेंसिक जांच कर भौतिक साक्ष्य जब्त किया है।



जले बिस्तर, इनसेट में मृतक।

### आग कैसे लगी किसी को नहीं चला पता

तड़क युवक के बिस्तर में आग लगने तथा युवक के गंभीर रूप से झुलस जाने से उसकी मौत हो गई। इधर बिस्तर में कैसे आग लगी इसका पता परिजन को भी नहीं है। जबकि बिस्तर के पास न तो डिबरी या कोई ज्वनशील सामान था। मात्र एक टेबल फेन तो वह भी बिस्तर से दूर था। बहरहाल मामले में पुलिस द्वारा हर पहलू से जांच की जा रही है। पुलिस ने परिजन को जांच उपरांत आग लगने की वजह स्पष्ट होने का आश्वासन दिया है।

# शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, जनप्रतिनिधियों ने रास्ता खाली कराने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

बतौली में तहसील कार्यालय के समीप शासकीय भूमि में अतिक्रमण का मामला सामने आया है जहां अतिक्रमण करने की होड़ में रास्ता पर ही अवैध निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने सरपंच दीपेश्वरी सिंह, उप सरपंच राजकुमारी पाल के अगुवाई में थाने में ज्ञापन सौंपा तथा रास्ता खाली कराने की मांग की है।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि अभी हाल ही में ग्राम पंचायत कुनकुरी के शांतिपारा में ग्राम पंचायत द्वारा शंकर मिश्रा एवं बिहारी मिश्रा आ. स्व. हरकनाथ मिश्रा को नोटिस थमाया गया था जिसमें पंचायत द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के आने जाने आम लोगों को रास्ते में आवागमन करने में कठिनाई को देखते हुए अवैध निर्माण पर रोक लगाने शंकर मिश्रा एवं बिहारी मिश्रा को कहा गया था इसके बावजूद जबरदस्ती शासकीय भूमि में अतिक्रमण करने अवैध निर्माण जारी रखा गया जिससे ग्राम पंचायत के ग्रामीण उग्र होकर सरपंच दीपेश्वरी सिंह के अगुवाई में थाने पहुंच शंकर मिश्रा एवं बिहारी मिश्रा के विरुद्ध ज्ञापन सौंपा गया है।



इस संबंध में सरपंच दीपेश्वरी सिंह ने बताया कि बार बार मना करने के बाद भी अतिक्रमण किया जा रहा। इस संबंध में तहसील कार्यालय में भी आवेदन दिया गया लेकिन कोई करवाई नहीं की गई है जिससे शंकर मिश्रा द्वारा जबरदस्ती शासकीय भूमि में निर्माण किया जा रहा है। इस अवैध निर्माण से रास्ता बंद हो जाएगा साथ बगल में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र भी प्रभावित होगा अभी थाने में ज्ञापन सौंपा गया है इसके बावजूद कार्रवाई नहीं होती है तो आंदोलन किया जाएगा

### हर घर तिरंगा, अभियान का शुभारंभ

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले के मार्गदर्शन में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता का उत्सव अंतर्गत स्वच्छता के संग अभियान का प्रथम दिवस आज जिले की सभी ग्राम पंचायतों में उत्साह पूर्वक मनाया गया। अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में स्वच्छता श्रमदान एवं स्वच्छता वॉक का आयोजन कर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सरपंच, सचिव, पंच, जनप्रतिनिधि, स्वेच्छाग्रही दीदियां एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से आयोजित इस श्रमदान में सार्वजनिक स्थलों, सड़क मार्गों एवं आस-पास के क्षेत्रों की सफाई की गई तथा लोगों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।

# आदिवासी दिवस व रक्षा बंधन को लेकर विद्यालय में हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

माउंट लिट्रा स्कूल में आज विश्व आदिवासी दिवस व रक्षाबंधन" के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमामय आयोजन में मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत व श्रीमती प्रियंका चौबे रही। साथ ही विद्यालय के निर्देशक प्रतीक दीक्षित सर की उपस्थिति कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

मुख्य अतिथि महापौर का परिचय प्रस्तुत किया गया, जिसमें उनके सामाजिक योगदान और प्रेरणादायक कार्यों को रेखांकित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा आदिवासी दिवस और रक्षाबंधन के महत्व पर सुंदर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में विविध रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ के स्थानीय आदिवासी समुदाय के विषय में जानकारी दी तथा उनकी विशेषताओं से अवगत कराया। प्राचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सदैव प्रयासरत रहेंगे कि बच्चों को उनकी संस्कृति और सभ्यता से जोड़े रखें। समारोह को सफल बनाने में प्रभारी श्रीमती संध्या एक्का , अर्चना कुजुर, निधि टोप्पो , रवि शर्मा, जय किशन व सभी शिक्षकों सक्रिय रहे।



# भाजपा मंडल रामगढ़ एवं देवगढ़ की संयुक्त बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

घर-घर तिरंगा – हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत शुक्रवार को भाजपा मंडल रामगढ़ और देवगढ़ की संयुक्त बैठक हुई। बैठक को जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान पूरे देश में उत्साह और गौरव का प्रतीक बन चुका है। उनकी मन की बात से प्रेरणा लेकर यह अभियान देशवासियों के दिल में जोश भर रहा है। हर कोई इसमें भाग ले रहा है। हमें भी जिले के हर घर पर तिरंगा फहराना है, जिससे आजादी के अमृत महोत्सव में हमारा जिला अग्रणी भूमिका निभा सके।

उन्होंने कहा कि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस हमें उन लाखों लोगों के बलिदान और पीड़ा की याद दिलाता है, जिन्होंने देश के विभाजन के समय अपना सब कुछ खो दिया लेकिन भारत माता की एकता और सम्मान को बनाए रखा। प्रभारी दिनेश साहू ने कहा कि यह अभियान केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह हम सभी के दिल से जुड़ा है। आने वाले समय दिनों में 10 से 14 अगस्त तक तिरंगा यात्रा, 12 से 14 अगस्त तक स्वच्छता अभियान, शहीदों के स्मारकों पर पुष्पांजलि, सीमावर्ती क्षेत्रों में सैनिकों का सम्मान और 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के कार्यक्रम पूरी ऊर्जा से संपन्न किए जाएंगे। संवाद प्रमुख रूपेश दुबे ने कहा कि हमें हर घर तिरंगा अभियान को मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना है। मंडल अध्यक्ष अखण्ड विधायक सिंह ने कहा कि तिरंगा यात्रा युवा मोर्चा और महिला मोर्चा की विशेष भूमिका रहेगी। इस दौरान गांव-गांव जाकर लोगों को तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष प्रबोध मिंज ने कहा कि इस दौरान स्वच्छता अभियान, स्वतंत्रता संग्राम और युद्ध स्मारकों पर पुष्पांजलि, सैनिकों का सम्मान तथा 14 अगस्त को मौन जुलूस और प्रदर्शनी का अयोजन किया जाएगा। 15 अगस्त की शाम को तिरंगे का सामूहिक उत्सव मनाकर इसे ऐतिहासिक रूप दिया जाएगा। बैठक में अनिल सिंह, सत्यनारायण सिंह, दिनेश यादव, कमलेश जायसवाल, अनिल प्रताप सिंह, कल्पना यादव, राधा रवि, मुन्ना सिंह, अर्जुन सिंह, दीपक सिंघल, मनीष बंसल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



बैठक को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष।



## खबर संक्षेप

### सैनिक स्कूल में हुई अंतरसदन इनडोर खेल प्रतियोगिता



**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल में 4 से 7 अगस्त तक अंतर सदन इनडोर टेबल टेनिस, कैरम और शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई। तीन श्रेणियों में आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा 7 से 10 तक की बालिका कैडेट्स शामिल हुई। बालिका वर्ग में कैडेट जिया कुमारी ने शतरंज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कैडेट विनिता गबेल ने कैरम एकल में स्वर्ण पदक वहीं कैरम रूगल में केडेट सौरंग अजुम और कृषा कुमारी ने स्वर्ण पदक जीता। बालको के जूनियर वर्ग में कैडेट शुभम कुमार ने शतरंज में तथा कैडेट अंकुर और अंकित की जोड़ी ने टेबल टेनिस युगल में तथा कैडेट आशुतोष साहू ने एकल में स्वर्ण पदक जीता। सीनियर वर्ग में कैडेट देबनील सरकार ने शतरंज में प्रथम तथा कैरम एकल में कैडेट यश कुमार ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। कैडेट पीयूष देवांगन ने टेबल टेनिस एकल में स्वर्ण पदक जीता तथा कैडेट आयुष कुमार युगल में विजयी रहे। प्रदर्शन के आधार पर जूनियर वर्ग में अरिहंत सदन तथा सीनियर वर्ग में करिअप्पा सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर ने विजेता सदनों और कैडेट्स को प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इनडोर खेलों का महत्व केवल प्रतियोगिता तक सीमित नहीं है। बल्कि यह छात्रों के मानसिक विकास, निर्णय लेने की क्षमता और रणनीतिक सोच को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने खेल प्रशिक्षक सीएचएम निर्मल टोप्पो, हवलदार रिश पॉल सिंह, सुश्री चित्रलेखा साहू, इनडोर गेम्स प्रभारी प्रकाश तिवारी को आयोजन के लिए सराहा।

### पलंग पर सो रही बालिका को जहरीले सर्प ने काटा, मौत

**अम्बिकापुर।** राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम पतरापारा निवासी अंजली अगरिया आ. कृष्णा अगरिया (9 वर्ष) गुरुवार की शाम खाट पर सो रही थी। इसी दौरान शाम 7.30 बजे बाए हाथ के अंगूठा में जहरीले सांप ने काट लिया। बालिका अंगूठे में कुछ काट लेने पर घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन मौके पर पहुंचे तो बिस्तर में करेत सांप को देख उनके होश उड़ गए। परिजन बालिका को तत्काल राजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालिका की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। देर रात परिजन बालिका को लेकर आपात कालीन केन्द्र पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### लीगल सर्विसेस क्लीनिक का शुभारंभ



**बैकुण्ठपुर।** शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैकुंठपुर ने सैनिकों एवं उनके परिवारों के लिए एक नई पहल की है, जिसमें लीगल सर्विसेस क्लीनिक का उद्घाटन किया है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार शैलेश कुमार तिवारी प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैकुंठपुर के मार्गदर्शन में स्थापित की गई है। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय बैकुंठपुर में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 150 सैनिकों एवं उनके परिवारों को मुफ्त कानूनी सहायता एवं परामर्श प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। इस क्लीनिक में पैरालीगल वालंटियर के रूप में भूतपूर्व सैनिकों की नियुक्ति की जानी है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैकुंठपुर रही। साथ ही इस उद्घाटन समारोह में अजय सिंह चीफ, केबी नामदेव डिप्टी और समस्त स्टॉफ, साथ ही जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारी जैसे कमांडर रणजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

## साइड से निकलने के चक्कर में फंसा दूसरा ट्रक

# एनएच 343 पर हुआ ब्रेक डाउन आठ घंटे आवागमन रहा बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

डूमरखी फारेस्ट बेरियर के समीप बीच सड़क पर ब्रेक डाउन होने के कारण एनएच 343 पर आठ घंटे तक जाम लगा रहा। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर यात्री वाहनों के साथ ही चारपहिया, ट्रकों की कतार लग गई। इस जाम के कारण लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व हाइवे पेट्रोलिंग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया जिसके बाद दोपहर 2 बजे से आवागमन शुरू हो सका।

**खास बात**
- सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक रहा जाम

बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर जिला मुख्यालय से लगभग 5 किमी दूर डूमरखी फारेस्ट बेरियर के समीप एक ट्रक ब्रेक डाउन हो गया था। ट्रक खराब होने के कारण सड़क के बीचो बीच खड़ा हो गया था। इस दौरान सुबह लगभग 6 बजे मार्ग से गुजर रहे दूसरे ट्रक के चालक ने साइड में बची जगह से अपने वाहन को निकालने का प्रयास किया लेकिन जर्जर सड़क और कीचड़ के कारण ट्रक का पहिया दलदल में फंस गया जिसके बाद रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया और छोटे वाहन के गुजरने की भी जगह नहीं बची। इस दौरान सड़क के दोनों ओर 1 किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई।



एनएच 343 पर लगा जाम।

**बस चालकों की मनमानी से बढ़ी परेशानी**

बता दें कि घटना स्थल से लगभग 200 मीटर पहले एक ग्रामीण सड़क है। उक्त सड़क की मदद से 3 किमी की दूरी तय कर जाम वाले स्थल से आगे निकला जा सकता था। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची हाइवे पेट्रोलिंग की टीम ने इस ग्रामीण सड़क का उपयोग छोटे वाहनों के लिए किया लेकिन इस बात की जानकारी जब बस चालकों को लगी तो वे भी अपनी मनमानी पर उतर आए। हाइवे पेट्रोलिंग की टीम ने बस चालकों को ग्रामीण सड़क का उपयोग करने से मना किया लेकिन वे नहीं माने और आगे जाकर बस चालकों के कारण उक्त मार्ग भी बाधित हो गया जिसके बाद मार्ग परिवर्तित करने का रास्ता भी बंद हो गया। यही वजह है कि एनएच पर 8 घंटे तक जाम लगा रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि बस चालाक अक्सर ग्रामीण सड़क में भारी वाहनों का संचालन करते है जिससे गांव की सड़क खराब हो रही है जबकि इस सड़क का उपयोग सिर्फ दो व चार पहिया वाहनों के लिए किया जा सकता है।

इस दौरान स्थानीय लोगों ने हाइवे पेट्रोलिंग की टीम को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची हाइवे पेट्रोलिंग की टीम ने वाहनों को जाम से निकालने का प्रयास शुरू किया। इस दौरान कड़ी मशक्कत के बाद दोपहर 2 फंसे हुए वाहनों को बाहर निकालकर आवागमन शुरू कराया गया। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग में चार पहिया वाहनों के साथ ही यात्री बसें भी जाम में फंसी हुई थी। जाम के कारण यात्रियों को घंटों परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान हाइवे पेट्रोलिंग जागरूकता समूह से दीपक प्रजापति, रामस्वरूप यादव, बिट्टू यादव, नवीन यादव, मारुति यादव, कन्हाई गुप्ता, मुन्ना मिस्त्री, राजू, के साथ ही हाईवे पेट्रोलिंग से सउनि जुबलन कुजूर, नरेंद्र यादव, कुमार सानू, जसप्रीत सिंह, अमित मिंज सहित अन्य सक्रिय रहे।



## सड़क पर पड़े शव को बचाने के चक्कर में टकराए ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

मोरन चौक के पास सड़क पर पड़े शव को बचाने के चक्कर में दो ट्रकों के बीच भिडंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए और राजमार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही आवागमन शुरू कराया गया। मृतक के शव को मर्च्युरी में रखवाया गया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

- अंबिकापुर-बनारस मार्ग पर हुई घटना, मृतक की नहीं हुई शिनाख्त

बताया जा रहा है कि अम्बिकपुर-बनारस मार्ग पर मोरन चौक भैंसा मुंडा के समीप बीती रात अज्ञात वाहन का चालक 30 से 32 वर्षीय मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक को टक्कर मारकर फरार हो गया था। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई और उसका शव रातभर सड़क पर ही पड़ा हुआ था। इस दौरान शुक्रवार की सुबह लगभग 7 बजे एक ट्रक अंबिकापुर की ओर से आ रहा था जबकि दूसरा ट्रक बनारस की तरफ से आ रहा था। भैंसा मुंडा के सामीप अंबिकापुर की ओर से आ रहे ट्रक ने सड़क पर शव देखा और शव को कुचलने से बचाने के लिए वाहन को दूसरी तरफ मोड़ दिया इसी समय बनारस की तरफ से आ रहे ट्रक से उसकी भिडंत हो गई। ट्रकों के बीच हुई भिंडत के बाद दोनों ही वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए और ट्रक चालक वाहन में ही फंस गए। घटना के बाद अंबिकापुर-बनारस मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया और सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को उठाकर मर्च्युरी भेजा गया जबकि ट्रक में फंसे चालकों को उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। बड़ी बात यह है कि मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम करने के साथ ही घटना की जांच की जा रही है।

## शराब के नशे में विवाद के बाद नव विवाहित दम्पति ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नव दम्पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पहले नवविवाहिता ने विवाद के कारण फांसी लगाई जिसे अस्पताल में मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी ओर पत्नी को अस्पताल भेजकर पति ने भी फांसी लगा ली। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम बदौली निवासी 30 वर्षीय अजय आ. बैसाखू राम कोरवा का विवाह एक वर्ष पूर्व 25 वर्षीया गीता से हुआ था। पुलिस के अनुसार 7 अगस्त को नव विवाहित दम्पति ने एक साथ बैठकर शराब पीया था और शराब पीने के बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के बाद शाम लगभग 5 बजे गीता ने घर के मयार में साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। पत्नी के फांसी लगाने की जानकारी मिलते ही पति अजय ने घर वालों की मदद से महिला को नीचे उतारा। इस दौरान उसकी सांस चल रही थी। युवक ने घटना की जानकारी अपने ससुर संजय कोरवा को दी। महिला को परिजन द्वारा उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर पत्नी को हॉस्पिटल भेजने के बाद पति अजय कोरवा घर में ही रुक गया और खुद भी उसी मयार में पत्नी की साड़ी से शाम 7 बजे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। जब परिजन घर लौटे तो युवक का शव फांसी पर झूल रहा था। इस मामले में पुलिस का कहना है कि दोनों शराब पीने के आदि थे और अक्सर नशे में विवाद होता था। गुरुवार को भी दोनों ने जमकर शराब पिया जिसके बाद विवाद हुआ था। फिलहाल विवाद और आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है और दोनों शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

- पहले पत्नी ने की आत्महत्या, महिला को अस्पताल भेजकर युवक ने की आत्महत्या

### बांसाझाल कदमहुआ में ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत

**बतौली/ सेदम।** बतौली के दूरस्थ ग्राम पंचायत बासाझाल कदमहुआ में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बतौली के ग्राम पंचायत साल्हयाडीह निवासी सुनील पैकरा आ. रामकुमार पैकरा ( 38 वर्ष) अपने ट्रैक्टर को लेकर ग्राम पंचायत बासाझाल के पहाड़ी क्षेत्र ग्राम कदमहुआ खेत में फंसे ट्रैक्टर को निकालने शाम 4 बजे गया था। फंसा ट्रैक्टर सुनील के चाचा रघुबीर पैकरा का था जिसे निकालने के बाद सुनील वापस घर जा रहा था। जैसे ही सुनील वाहन लेकर पथरीली रास्ते में पहुंचा तभी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे ट्रैक्टर के नीचे दबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर उसके चाचा रघुबीर ने गांवों वालों और परिजनों को जानकारी दी। इधर घटना की सूचना पर बतौली पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर के नीचे दबे युवक के शव को बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली भेज दिया।

## डॉ. सोनी को बेस्ट आरटीआई पीआईएल एक्टिविस्ट ऑफ दी ईयर का अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आरटीआई कार्यकर्ता व अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को बेस्ट आरटीआई, पीआईएल एक्टिविस्ट ऑफ दी ईयर का अवार्ड दिया गया है। डॉ. सोनी को यह अवार्ड रांची में आयोजित दी ग्लोबल बिजनेस ऑफ दी ईयर अवार्ड समारोह के दौरान बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री जरीन खान के हाथों प्रदान किया गया।

- फिल्म अभिनेत्री जरीन खान के हाथों किया गया सम्मानित

बता दें कि आरटीआई कार्यकर्ता व अधिक्वता डॉ. डीके सोनी न्याय व्यवस्था को सुदृढ़, सुगम और शीघ्र न्याय प्रदान करने हेतु अपनी संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से हमेशा जमीनी स्तर पर एवं आरटीआई के माध्यम से स्थिति स्पष्ट कर उच्च न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक जनहित याचिकाओं के माध्यम से सफल और निर्णायक कानूनी लड़ाई भी लड़ते रहते हैं। उन्होंने भ्रष्टाचार के विरुद्ध खुलासा कर दस्तावेजों के आधार पर कार्रवाई कराकर कई भ्रष्ट अधिकारियों, ठेकेदारों के विरुद्ध अपराध भी पंजीबद्ध कराया गया है। इसी कड़ी में दी ग्लोबल बिजनेश के चयन समिति द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक एवं कानूनी स्तर पर तथा व्यापार, उद्योग में उत्कृष्ठ कार्य करने वालों का नॉमिनेशन मंगाया गया और उसके बाद चयन किया गया।




सरगुजा एवं सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में आरटीआई एवं पीआईएल एवं अन्य कानून के माध्यम से लगातार सामाजिक स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता डॉ. डीके सोनी को भारत के अन्य राज्यों से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं और कई बिजनेसमैन के समक्ष झारखंड की राजधानी रांची में एक्ट्रेस जरीन खान के हाथों से बेस्ट एडवोकेट एंड आरटीआई, पीआईएल एक्टिविस्ट ऑफ द ईयर का अवार्ड दिया गया। अधिवक्ता डॉ डीके सोनी को उक्त अवार्ड मिलने से उनके शुभचिंतकों सहित अधिवक्ताओं और सोसल जस्टिस प्राप्त करने वालो में हर्ष व्याप्त है।

## जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव, अध्यक्ष के लिए 5 आवेदन

**अम्बिकापुर।** जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव के लिए शुक्रवार को भारी गहमागहमी के बीच नामांकन पत्र दाखिल किए गए। अंतिम दिन बड़ी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत विभिन्न पदों के लिए अधिवक्ता प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। अब नामांकन पत्रों की जांच कर संवीक्षा के बाद मतदान किया जाएगा। बता दें कि सरगुजा जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव की घोषणा कर दी गई है। पूर्व निर्धारित एवं घोषित निर्वाचन कार्यक्रम के तहत 8 अगस्त तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाने थे।

- 11 को होगी संवीक्षा, मतदान 19 को

इस बीच शुक्रवार को नाम निर्देशन प्रक्रिया के अंतिम दिन नामांकन दाखिल करने जिला न्यायालय परिसर में भारी गहमा गहमी देखने को मिली। दिनभर चले नामांकन की प्रक्रिया के बाद अध्यक्ष पद हेतु अंतिम दिन अनिल कुमार सोनी, जन्मेजय पाण्डेय, विजय तिवारी, राम नारायण प्रसाद एवं श्यामा चरण गुप्ता ने नामांकन दाखिल किया। इसी तरह उपाध्यक्ष पद हेतु गिरिजा नंद सिंह, संदीप तिवारी, प्रवीण पाण्डेय एवं मितेचंद शुक्ला, सचिव पद हेतु अशोक ठाकुर, अलंकार शर्मा, सम्पुर्णाक गुप्ता एवं शिव शंकर सिंह ने नामांकन भरा है। कोषाध्यक्ष हेतु आशा जायसवाल, दिवाकर गुप्ता एवं दिलिप कुमार गुप्ता जबकि सहसचिव हेतु धनंजय मिश्रा एवं चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव ने नामांकन दाखिल किया।



कार्यकारिणी सदस्य हेतु प्रमोद तिवारी, संजय अम्बष्ट, राजी कुमार सिन्हा, मिथिलेश पांडेय, नचीकेता जायसवाल एवं राजकुमार गुप्ता द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। दाखिल किए गए नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 11 अगस्त को की जाएगी व 12 अगस्त को नाम वापसी का अंतिम दिन होगा। 12 अगस्त को ही अंतिम प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की जाएगी जबकि 19 अगस्त को मतदान के मद मतगणना और परिणामों की घोषणा की जाएगी।

### चोर निगम कॉम्प्लेक्स कार्यालय से ले उड़े स्कूटी

**अम्बिकापुर।** फुन्दुरडिहारी शांतिपारा निवासी राजेश ठाकुर आ. स्व. सुरेश ठाकुर (43 वर्ष) गत दिन दोपहर लगभग 2.30 बजे निगम कॉम्प्लेक्स कार्यालय स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीई 0135 से आया था। स्कूटी को खड़ा कर अंदर चला गया और कुछ समय बाद बाहर निकला तो देखा स्कूटी अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब स्कूटी का कहीं पता नहीं चला तो तो घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज किया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## दो हाथी पहुंचे दर्रीडीह एनएच पर, आधे घंटे तक बाधित रहा आवागमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बीती रात रघुनाथपुर क्षेत्र में दर्रीडीह के पास भ्रमण कर रहे दो हाथियों के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर पहुंचने से अफरा-तफरी की स्थिति मच गई। हाथियों के राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचने की सूचना पर वनकर्मियों ने दोनों तरफ से आवागमन को रोक दिया। आधे घंटे बाद हाथी एनएच से दूर पहुंचे तो आवागमन सुचारू हुआ है।

पिछले दो दिनों से दो हाथी रघुनाथपुर के आसपास के क्षेत्रों में घूम रहे हैं। दिन में हाथियों को देखने बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच रहे हैं जिसके कारण वन अमले को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। वनकर्मियों द्वारा बार-बार मना करने के बावजूद युवा वीडियों बनाने हाथियों के निकट पहुंच जा रहे है। गुरूवार को रात में हाथी ग्राम दर्रीडीह के निकट भ्रमण कर रहे थे। हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए वन अमला ग्रामीणों को सतर्क कर रहा था। इस दौरान रात्रि 8 बजे हाथी दर्रीडीह चौक स्थित एनएच 43 पर पहुंच गए जिससे खतरनाक स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान उपस्थित वनकर्मियों ने दोनों ओर से आवागमन रोक दिया। हाथियों के मुख्य मार्ग पर पहुंचने के कारण आधे घंटे तक आवागमन बंद रहा जिससे दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लग गई।

कुछ देर बार हाथी सड़क से दूर खेतों की ओर पहुंचे तब आवागमन सुचारू किया गया। शुक्रवार को पूरे दिन हाथी ग्राम बटवाही स्थित बीरबल के गन्ने के खेत में आराम करते रहे। इस दौरान हाथियों को देखने पूरे दिन युवाओं की भीड़ उमड़ने एवं वीडियो बनाने हाथियों के निकट तक पहुंचने के कारण वनकर्मियों को भारी मशक्कत करनी पड़ी।



**दंतैल ने उपसरपंच पर किया हमला, गंभीर**

तीन दिनों पूर्व जशपुर से वन परिक्षेत्र लुण्ड्रा पहुंचे 27 सदस्यीय हाथियों के दल में शामिल दंतैल ने उपसरपंच शंकर यादव आ.रामबिलास यादव पर हमला कर दिया। हमले में उपसरपंच गंभीर रूप से घायल हो गए हैं तथा उनका उपचार शहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है गुरूवार को 27 हाथियों का दल रघुपुर जंगल में भ्रमण कर रहा था। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा हाथियों को देखने पहुंचे तथा वीडियो बना रहे थे। इस दौरान उप सरपंच भी जंगल में मौजूदथे। युवकों द्वारा हाथियों के निकट जाकर वीडियो बनाने के दौरान आक्रोशित दंतैल ने वीडियो बना रहे युवकों पर हमला कर दिया। दंतैल को तेज गति से अपनी ओर आते देख युवा दूर भाग निकले। इस दौरान पास खड़े उपसरपंच पर दंतैल ने हमला कर दिया जिससे उपसरपंच दूर जा गिरे तथा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल उपसरपंच को रायपुर रिफर किया है।

स्वामी जी-93406-38884

ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
ऑफर केवल 10 अगस्त तक 18.08.2025
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/- ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411